आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-162- ● कटनी ● बुधवार, 14 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



ओंकारेश्वर। कोरोना प्रोटोकाल के तहत निकाली जाएगी भगवान ओंकारेश्वर और ममलेश्वर की सवारी। इसमें श्रद्धालु शामिल नहीं हो पायेंगे।

## लश्कर कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

**नई दिल्ली।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच देर रात शुरू हुई मुठभेड़ में अब तक तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि मारे गए आतंकियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी कमांडर ऐजाज उर्फ अबू हुरैरा है। इसके साथ ही दो स्थानीय आतंकियों को भी मार गिराया गया है। हालांकि सुरक्षाबलों का ऑपरेशन अब भी जारी है।



जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड मीरबाजार इलाके में दमजान रेलवे ट्रैक के पास मंगलवार की शाम आतंकियों की ओर से प्लांट आईईडी बरामद की गई। बनिहाल से बारामुला के बीच बुधवार से पूरी तरह रेल सेवा शुरू किए जाने की पूर्व संध्या पर प्लांट आईईडी की बरामदगी से बड़ी आतंकी साजिश नाकाम हो गई है।

पुलिस ने बताया कि शाम को रेलवे ट्रैक के पास आईईडी देखी गई। इस पर तत्काल बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। दस्ते ने आईईडी को कब्जे में लेकर उसे निष्क्रिय किया। इस दौरान आस-पास के इलाकों में आवागमन रोक दिया गया था। सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान भी चलाया, लेकिन आतंकियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

इससे पहले पिछले सप्ताह हुई मुठभेड़ में छह आतंकी ढेर कर दिए गए थे। सुंदरबनी में दो पाकिस्तानी आतंकियों समेत प्रदेश में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने छह दहशतगर्द ढेर कर दिए गए थे। एलओसी से सटे राजोरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में सेना ने घुसपैठ को नाकाम करते दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया। मुठभेड़ में नायब सूबेदार समेत दो जवान भी शहीद हो गए, जबकि एक जवान घायल हो गया। सुंदरबनी के अलावा कश्मीर के पुलवामा और कुलगाम में भी दो-दो आतंकी मारे गए।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश: गैर शैक्षणिक कार्यों में न लगाई जाए शिक्षकों की ड्यूटी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न करवाया जाए। कोर्ट ने इस संबंध में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 नियमावली के नियम 27 व इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा सुनीता शर्मा व अन्य की जनहित याचिका में पारित आदेश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि संबंधित प्राधिकारी प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर इस नियम के अनुपालन का निर्देश दें। चारु गौर और दो की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी ने दिया। याची के



अधिवक्ता अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी का कहना था कि याची से बूथ लेवल ऑफिसर व अन्य बहुत से कार्य लिए जा रहे हैं। जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 व इसकी नियमावली के नियम 27 के अनुसार शिक्षकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाई जा सकती है। शिक्षकों से सिर्फ आपदा, जनगणना और सामान्य निर्वाचन के दौरान ही कार्य लिया जा सकता है। अधिवक्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा सुनीता शर्मा व अन्य की जनहित याचिका में पारित आदेश का हवाला देकर भी बताया गया कि हाईकोर्ट ने भी शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्यों को लेने पर रोक लगाई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम नियमावली के नियम 27 व न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं लिए जा सकते हैं।

### क्विक अपडेट



### एमपी बोर्ड आज 11 लाख छात्रों का जारी करेगा परिणाम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल एमपी बोर्ड द्वारा आज14 जुलाई शाम को कक्षा दसवीं के परिणाम घोषित किए जाएंगे। कक्षा 10वीं के विद्यार्थी अपना रिजल्ट देखने के लिए मंडल की वेबसाइट पर जा सकते हैं। बता दें कि कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण की वजह से मध्य प्रदेश बोर्ड ने कक्षा दसवीं के बोर्ड एग्जाम रद्द कर दिए थे और आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर नतीजे जारी करने का निर्णय लिया था। ।

### 17 जुलाई से संसद सत्र लोकसभा अध्यक्ष ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 17 जुलाई से होगा लोकसभा अध्यक्ष ने इसके लिए आज बैठक बुलाई है। बैठक में सत्ता पक्ष, विपक्ष से मानसून सत्र को सुचारू रुप से चलाने के लिए सहयोग मांगेगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर से सभी दलों को इस बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की परंपरा है। इस बार मानसून सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना है। कोरोना, टीकाकरण, महंगाई और राफेल जैसे तमाम मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की योजना बना रहा है। बताया जा रहा है कि संसद के मानसून सत्र में सरकार 30 बिल लेकर आएगी। वहीं भाजपा सांसद जनसंख्या नियंत्रण और समान आचार संहिता पर भी प्राइवेट मेंबर बिल पेश करने वाले हैं।

### राजस्थान में कप्पा वायरस के 11 मामले

**जयपुर।** राजस्थान में 11 कोरोना संक्रमित मरीजों में कप्पा वैरिएंट की पुष्टि की गई है। राजस्थान के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ रघु शर्मा ने बताया कि कोरोना वायरस के कप्पा स्परूप से संक्रमित 11 मरीजों में से 4-4 अलवर और जयपुर, दो बाड़मेर से और एक भीलवाड़ा में मिला है और जीनोम अनुक्रमण के बाद इन सभी मामलों की पुष्टि की गई है। कि शुरुआती जांच में पता चला है कि कोरोना वायरस का कप्पा वैरिएंट इससे पहले सामने आए डेल्टा वैरिएंट से कम घातक है।



### आतंकियों ने चीनी नागरिकों से भरी बस को उड़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी हिस्से में एक बस में बम धमाके में आठ लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इस बस में चीनी नागरिक सवार थे। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक ये बस ऊपरी कोहिस्तान में चीनी इंजीनियरों को दसू बांध की साइट पर लेकर जा रही थी। इसी दौरान धमाका हुआ, जिसमें चार चीनी इंजीनियर समेत 8 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी के अनुसार, बस में 30 चीनी इंजीनियर सवार थे। इसके अलावा कई लोग जख्मी हो गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

## तीसरी लहर? केरल समेत पूर्वोत्तर राज्यों ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी से आज पूरी दुनिया परेशान है। दूसरी लहर अभी ठीक से खत्म भी नहीं हो पाई की इसकी तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। पूर्वोत्तर के राज्यों में जोर पकड़ता संक्रमण इस बात का संकेत दे रहा है कि देश में तीसरी लहर बहुत ही नजदीक है। मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उत्तर पूर्वी राज्यों में कोरोना मामलों में एक बार फिर से तेजी देखी जा रही है। धीरे-धीरे संक्रमण का आंकड़ा जोर पकड़ते जा रहा है। देश में 55 जिलों में फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 73 जिलों में अभी भी हर दिन औसतन 100 से ज्यादा नए मामले रिपोर्ट हो रहे हैं। देश में दूसरी लहर ने कई लोगों को अनाथ कर दिया है। और अब तीसरी लहर के घातक संकेत डरा रहे हैं। पूर्वोत्तर के खराब हालातों के बीच हैदराबाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ भौतिक विज्ञानी और पूर्व कुलपति डॉ. विपिन श्रीवास्तव ने दावा किया है कि 4 जुलाई से देश में कोविड-19 के संक्रमण और मौतों का पैटर्न वैसा ही देखा जा रहा है, जैसा इस साल फरवरी के पहले हफ्ते में था। यही मामले अप्रैल के आखिरी तक देश में गंभीर रूप ले चुके थे। इस आधार पर कोरोना की तीसरी लहर की शुरूआत की आशंका जताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर आईएमए ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर पर्यटन स्थलों और धार्मिक समारोह से भीड़ कम नहीं हुई तो तीसरी लहर भयावह होगी।



### पॉजिटिविटी दर काफी तेज

देश के पूर्वोत्तर राज्यों की अगर बात करें तो यहां के चार राज्यों की हालत फिलहाल गंभीर नजर आ रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सिक्किम में जांच पॉजिटिविटी दर 19.5 प्रतिशत, मणिपुर में 15 प्रतिशत, मेघालय में 9.4 और मिजोरम में 11.8 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि हमने कोरोना प्रबंधन के लिए 11 राज्यों में टीमें भेजी हैं। इसमें उत्तर पूर्वी राज्यों के अलावा महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल और ओडिशा शामिल हैं। उन्होनें आगे कहा कि जब तीसरी लहर की बात होती है तो लोग इसे मौसम की भविष्यवाणी की तरह लेते हैं। वे तीसरी लहर की गंभीरता और इससे जुड़ी जिम्मेदारी को समझ नहीं रहे हैं। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के अलावा केरल राज्य की हालत कोरोना की तीसरी लहर की वजह से गंभीर नजर आ रही है। यहां जांच पॉजिटिविटी दर 10.5 फीसदी बनी हुई है।

## कांवड़ यात्रा: यूपी सरकार के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत- संज्ञान, केंद्र को नोटिस



**नई दिल्ली।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए कई राज्य सरकारों ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगा दी हैं, लेकिन कुछ राज्य कांवड़ यात्रा की अनुमति दे रहे हैं, उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इस यात्रा को मंजूरी दी है। उत्तर प्रदेश सरकार की कांवड़ यात्रा के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 संक्रमण के बीच कांवर यात्रा को अनुमति देने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय पर स्वत- संज्ञान लिया। जस्टिस आरएफ नरीमन की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और यूपी को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार यानी 16 जुलाई को होगी। बता दें कि उत्तराखंड सरकार ने कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते कांवड़ यात्रा को रद्द करने का फैसला किया है। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड ने कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए निर्णय लिया है। सरकार का कहना है कि कोरोना का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है, ऐसे में कांवड़ यात्रा की अनुमति नहीं दी जा सकती है। बता दें कि दोनों राज्यों में कोरोना के मामले अभी भी सामने आ रहे हैं, ऐसे में उत्तराखंड से कांवड़ यात्रा नहीं निकलेगी। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड नियम के तहत कांवड़ यात्रा करने की अनुमति दी है।

## अर्थी से उठकर बुजुर्ग बोला-मैं जिंदा हूं

### 96 वर्षीय बुजुर्ग मनसुख की कथित तौर पर हो गई थी मौत

**छतरपुर।** जिले के लवकुशनगर में चंदला रोड पर रहने वाले 96 वर्षीय बुजुर्ग मनसुख कुशवाहा को मृत समझकर परिजनों ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां कर ली। तभी बुजुर्ग अर्थी से उठकर बोला मैं अभी मरा नहीं जिंदा हूं। यह सुनकर सारा मातमी माहौल खुशियों में बदल गया। जानकारी के अनुसार मनसुख कुशवाहा का दो वर्षों से बीमार थे। पैर टूट जाने से वे चल नहीं पाते थे। मनसुख का छोटा बेटा रामकृपाल कुशवाहा और उसका परिवार बुढ़ापे में उनका सहारा था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से इलाज में परेशानी भी हो रही थी। बीते रोज अचानक मनसुख की तबीयत खराब हुई, वे निढाल हो गए। परिवार के लोगों ने उन्हें मृत समझकर बुजुर्ग मनसुख लाल की मृत्यु की सूचना नाते-रिश्तेदारों को सूचना दे दी। सगे-संबंधी घर पहुंच गए। गऊ पूजन कराके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी गईं। इसी बीच अर्थी पर लेटे मनसुख उठकर बैठ गए। यह देखकर लोगों के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा और सारा मातमी माहौल हंसीखुशी में बदल गया। फिलहाल उनकी हालत ठीक बताई गई है।



### 22 निहत्थे सैनिकों की हत्या



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद से ही तालिबान ने बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। तालिबानी कट्टरपंथियों का उत्पात जारी है, जिसमें पाकिस्तानी आतंकियों का भी साथ मिल रहा है। इस हिंसा के बीच एक भयावह वीडियो सामने आया है जिसमें तालिबानी आतंकियों को 22 निहत्थे अफगानिस्तानी कमांडोज को गोलियों से भून दिया गया है।अल्लाहू अकबर कहकर आतंकियों ने अफगानी सैनिकों की हत्या कर दी है। हालांकि, अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। यह निर्मम हत्याकांड को 16 जून को फरयाब प्रांत के दवलात अबाद में अंजाम दिया गया था।

### इंदौर में बैंक के सिक्युरिटी गार्ड ने चलाई गोली, कर्मचारी समेत तीन घायल

**इंदौर।** फेडरल बैंक रतलाम कोठी शाखा के सिक्युरिटी गार्ड राजभान सिंह ठाकुर ने मामूली कहासुनी के बाद गोली चला दी। छर्रे लगने से बैंककर्मी संदीप सोलंकी, दीपक पाटिल व उसका भाई अशोक घायल हो गया। गार्ड का दीपक से पुराना विवाद है। शाम को दोनों में फिर कहासुनी हुई और गार्ड ने लाइसेंसी बंदूक उठाकर डराने की मंशा से जमीन की ओर गोली चला दी। मंगलवार शाम करीब सवा छह बजे यह घटना घटी पुलिस मामले की जांच की रही है।

## कांग्रेस के लिए पीके एक्टिव, राहुल गांधी से मुलाकात, पवार को राष्ट्रपति बनाने की जुगत

### सोनिया ने बुलाई बैठक: वन पर्सन वन पोस्ट फॉर्मूले पर चलेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, मुंबई।** एक बार फिर कांग्रेस प्रशांत किशोर से नजदीकियां बढ़ा रही है। मंगलवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका वाड्रा गांधी ने प्रशांत किशोर से भेंट की है। हालांकि प्रशांत किशोर पहले ही साफ कर चुके हैं कि वह चुनाव प्रचार अभियान के रणनीतिकार का काम छोड़ चुके हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि राहुल और प्रियंका ने प्रशांत किशोर से क्यों मुलाकात की उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 2017 में प्रशांत किशोर की सलाह से उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में झंडा फहराने का निर्णय लिया था। पीके की सलाह पर ही समाजवादी पार्टी से गठबंधन भी किया था, लेकिन पूरा राजनीतिक आपरेशन फ्लॉप रहा था। कांग्रेस पार्टी के एक पूर्व महासचिव कहते हैं कि जब किसी को प्यास लगती है तो वह कुआं ढूंढ़ता है। सूत्र का कहना है कि उन्हें नहीं पता गांधी और किशोर में क्या बात हुई? यह वहीं बता पाएंगे, लेकिन इस समय दोनों को एक दूसरे की जरूरत है। अनुमान है कि राहुल गांधी ने इसी तरह के मुद्दे पर चर्चा के लिए प्रशांत किशोर के साथ बैठे हैं। प्रशांत किशोर भी राजनीति में आना चाहते हैं। वह पिछले दिनों शरद पवार के साथ कुछ दौर की चर्चा कर चुके हैं। इस तरह का विषय प्रशांत किशोर का भी हो सकता है।

माना जा रहा है कि प्रशांत किशोर समूचे विपक्ष को




साधने में लगे हैं. कोशिश है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रमुख शरद पवार को अगले राष्ट्रपति पद के उम्मदीवार के तौर पर पेश किया जाए।

#### सोनिया ने बुलाई महत्वपूर्ण बैठक

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज कांग्रेस पार्टी के संसदीय रणनीतिक समूह की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। ऐसा माना जा रहा है कि इस बैठक में लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को हटाकर उनकी जगह किसी अन्य नेता की नियुक्ति की जाएगी। कांग्रेस पार्टी में फिलहला मनीष तिवारी और शशि थरूर के नामों की चर्चा है। गौरतलब है कि शशि थरूर एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता और एक पूर्व अंतरराष्ट्रीय राजनयिक रह चुके हैं। शशि थरूर को मनमोहन सिंह की सरकार में कैबिनेट में भी शामिल किया गया था, वहीं मनीष तिवारी भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और मनमोहन सिंह सरकार में मंत्रीके रूप में काम किया। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू हो रहा है और ऐसे में कांग्रेस के संदसीय रणनीतिक समूह में मानसून सत्र में उठाए जाने वाले विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा होगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक अभी टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी सहित रणनीति समूह के सभी सदस्यों को बैठक के लिए बुलाया गया है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के मुताबिक पार्टी वन पर्सन वन पोस्ट फॉर्मूले का विकल्प चुन सकती है और इसके लिए अधीर रंजन चौधरी के विकल्प की तलाश की जा रही है। वन पर्सन वन पोस्ट फॉर्मूले के तरह अधीर रंजन चौधरी के पास एक से ज्यादा पद हैं। अब अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता के पद से हटाकर किसी अन्य नेता की नियुक्ति की जा सकती है।सूत्रों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में अधीर रंजन चौधरी की भूमिका से पार्टी में असंतोष है। विधानसभा चुनावों के दौरान ममता के प्रति कांग्रेस की सहानुभूति के बाद भी अधीर रंजन लगातार उनके खिलाफ आक्रमक तेवर अपनाए हुए थे।

## मोरनी के अंडे चोरी करके आमलेट खाया, जांच में जुटी पुलिस

**नोएडा।** बीरमपुर गांव में मंगलवार को एक खाली प्लॉट से मोरनी के अंडे चोरी कर आमलेट बनाकर खाने का मामला सामने आया है। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने विशेष समुदाय के चार युवकों पर राष्ट्रीय पक्षी के अंडे चोरी करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच शुरू कर दी है। अंडे के छिलके फोरेंसिक लैब में जांच लिए भेजे जाएंगे। पुलिस के अुनसार, ग्रामीणों ने तहरीर दी है कि मुन्ना के प्लॉट में मोरनी ने चार अंडे दिए थे। ये अंडे तोरई की बेल के पास रखे थे।



सुबह अंडे चोरी कर लिए गए।

ग्रामीणों ने पड़ताल की तो एक बच्चे ने जानकारी दी कि उसने विशेष समुदाय के चार लड़कों को अंडे ले जाते हुए देखा है। ग्रामीण आरोपियों के घर पहुंचे तो आरोपियों ने कहा कि अंडों का उन्होंने आमलेट बनाकर खा लिया है। इसके बाद आरोपियों ने ग्रामीणों को धमकी देकर भगा दिया।

ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के घर पहुंचकर पूछताछ की और छिलके बरामद किए। थाना प्रभारी दिनेश यादव कहना है कि पुलिस जांच कर रही है। अंडों के छिलकों को फोरेंसिक लैब में जां च के लिए भेजा जाएगा। आरोप सही पाए जाने पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई होगी।

### विचलित भटक रही थी मोरनी

ग्रामीण सुरेश ने बताया कि आरोपियों ने मोरनी के जंगल जाने के दौरान वारदात को अंजाम दिया। मोरनी जब लौटी तो अंडे नहीं दिखने पर विचलित हो गई। मोरनी शोर मचाकर इधर-उधर भटकने लगी। ग्रामीणों ने तोरई के बेल के पास जाकर देख तो उन्हें अंडे चोरी होने की जानकारी हुई।

### सात साल तक की हो सकती है सजा

जिला वन्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने बताया कि मोर राष्ट्रीय पक्षी है। इसका शिकार, अंडे नष्ट करना व खाना आदि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत गैरकानूनी है। दोष सिद्ध होने पर इसमें सात साल तक की सजा का प्रावधान है। रबूपुरा का मामला संज्ञान में आया है। शिकायत थाने में दी गई है। पुलिस मामले में केस दर्ज करेगी। वन विभाग की टीम भी जांच करेगी।



**284 योजना में से दो साल में महज 66 पेयजल योजनाओं पर ही शुरू हुआ काम**

**जलजीवन मिशन पर ठेकेदार समय में नहीं कर रहे काम**

# जिले के कई गांवों में अब भी पेयजल संकट

**कटनी।** जिले में लोगों की प्यास बुझाने वाली नलजल योजना कई गांवों में दम तोड़ चुकी है। अब शासन-प्रशासन द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यस से हर घर में पानी पहुंचाने का दावा और वादा किया जा रहा है। हकीकत तो यह है कि इस योजना पर भी पलीता लग रहा है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि नवंबर 2020 में ही यह योजना अमली-जामा पहन चुकी थी। जिले में 284 योजनाएं बन चुकी हैं लेकिन महज अबतक 66 पर ही काम चालू हो पाया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बेपरवाही व ठेकेदारों की लापरवाही सहित प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में खामी के कारण योजना का समय पर ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा। गौरतलब है कि जिले में महज 6 योजनाओं पर ही काम हो पाया है। जबकि मात्र 4 माह में ठेकेदारों को काम करके देना है। कटनी जनपद क्षेत्र की 6 योजनाएं पूरी हुई हैं। 8 माह से काम शुरू हो गया था, इसके बाद भी काम धीमी गति से चल रहा है। इस पूरी योजना में पाइप की कमी गंभीर समस्या बताई जा रही है। इसके अलावा यह बात ही पीएचई के अधिकारी बता रहे हैं कि ठेकेदार कंपनी को समय पर पाइप के लिए ऑर्डर नहीं कर रहे हैं। पाइप में कॉपर वायर लगाना अनिवार्य है, इसलिए महंगी सामग्री होने के कारण काम में देरी हो रही है।

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कर रहा कार्रवाई की रस्मअदायगी,कई गांवों में नलजल योजनाएं हैं ठप्प**



### पानी तक मुहैया नहीं करा पा रहे जिम्मेदार

-बहोरीबंद जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरतरा-बरतरी में गुणवत्ताविहीन टंकी का निर्माण होने के कारण गिर गई है। कई माह से नलजल योजना नहीं चल रहा, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी समस्या हो रही है।

-बड़वारा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पठरा के चपहनी गांव में पानी के लिए भी गंभीर समस्या है। ग्रामीण सुदामा कोल, दुरपाली कोल, अम्मालाल कोल, राजा कोल आदि ने कहा कि पंचायत व विभाग समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे।

-रीठी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरी फाटक में 4 माह से नलजल योजना बंद है। ग्रामीण एक किलोमीटर दूर रेलवे लाइन की पुलिया के पास से पानी ढोने विवश हैं लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे।

-ढीमरखेड़ा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत पौनिया में पिछले तीन माह से नलजल योजना पंप खराब होने के कारण ठप पड़ी है। गर्मी में पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान हैं, ग्राम पंचायत ध्यान दे रही न पीएचइ विभाग।

**इनका कहना है**

जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजनाओं पर काम चल रहा है। समय पर काम न करने के कारण 10 ठेकेदारों पर पैनाल्टी लगाई गई है व दो को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जा रही है। तय समय सीमा में योजना चालू हो यह प्रयास किया जा रहा है।

**-एस एल कोरी,** प्रभारी कार्यपालन यंत्री पीएचइ

### योजना की प्रगति पर एक नजर

-22 कंपनियों से ही ठेकेदारों को मंगानी है सामग्री, इसके बाद भी बताई जा रही है कमी।
-50 से अधिक योजनाओं की पूरी नहीं हो पाई है टेंडर प्रक्रिया, इसलिए हो रही देरी।
-10 ठेकेदारों पर काम देरी से करने में पीएचई कह रहा पैनाल्टी लगाने की बात।
-02 ठेकेदारों पर की गई है ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई, फिर भी बेपरवाही।
-300 से 500 की आबादी वाले गांव में मैकेनिकल विभाग को सौंपा गया है काम।
-10 नलजल योजनाएं पूरी तरह से बंद, ग्रामीणों को हो रही है भारी परेशानी।
-22 से अधिक नलजल योजनाएं कई कारणों से बंद, पंचायतें नहीं दे रहीं ध्यान।

### खास.खास बातें

-कटनी और रीठी जनपद में योजनाओं पर चल रहा धीमा काम, अन्य ब्लॉकों में भी ठेकेदार कर रहे देरी।
-गुणवत्ता की भी नहीं हो रही है निगरानी, कई गांवों में ठीक से नहीं चल रही पेयजल सप्लाई की लाइन।
-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अफसरों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर फाइल भेजने के बाद होती है देरी।

### सुधार को लेकर भी गंभीर नहीं अफसर

रीठी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत परौहा पिपरिया में 6 माह पूर्व नलकूप का खनन कराया गया। 54 लाख रुपये की लागत से जलजीवन मिशन के तहत पेयजल सप्लाई पर काम होना है। ग्रामीण रामदयाल लखेरा, विजय नामदेव, राजू नामदेव, भगवत राजपाल ने बताया कि ग्राम में 12 वार्ड आते हैं, जिनमे से वार्डों में बिछी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। वर्तमान समय में मात्र 4 वार्डों में सप्लाई हो रही है। ग्रामीण पेयजल को लेकर खासे परेशान हैं। काम बंद है। जनपद सदस्य आशा रजक के पत्र के बाद भी अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया।

## सिंधी समाज का चालीहां महोत्सव शुरू

**40 दिन उपवास रखकर झूलेलाल की आराधना में रहेंगे लीन**

**कटनी।** भगवान श्री झूलेलाल चालीहां महोत्सव 13 जुलाई से 22 अगस्त तक झूलेलाल चालीहां महोत्सव समिति द्वारा पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के सानिध्य में गुरूनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में सोशल डिस्टेंस व शासन की गाइड लाइन के अंतर्गत मनाया जा राह है। इसी कड़ी में आज सुबह 11 बजे मंदिर में पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पं. दिनेश शर्मा द्वारा बहराणे साहिब की पूजा अर्चना, पल्लव आरती के साथ भगवान झूलेलाल जी की पवित्र अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित के साथ व्रतधारियों का संकल्प बंधन से व्रतों की शुरूआत की गई तथा 40 दिवसीय प्रतिदिन सुबह 8 बजे एवं सायंकाल 8 बजे आरती पल्लव व भजन कीर्तन का आयोजन होगा। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि दसवीं शताब्दी में सिंध प्रांत में मिरख बादशाह के अत्याचारों से निजात पाने हिन्दू लोगों ने 40 दिन तक लगातार सिंधु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थी। तभी से भगवान झूलेलाल जी का चालीहां महोत्सव मनाया जाता हैं। आज चालीहां महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, वरिष्ठ समाजसेवी दर्शनलाल गेई, चमनलाल आनंद, त्रिलोकचंद भोजवानी, श्रीचंद भाटिया, नारायण दास तीर्थानी, महेश बहलानी, मूलचंद ठारवानी, अमृत सेवलानी, बाबू मंगतानी, अमर तेतवानी, नेवंदराम खूबचंदानी, हरीश बहलानी, शंकर मोटवानी, संतराम सुंदरानी, सुरेश गांधी, अमतृ तनवानी, राजकुमार चेलानी, पंचायत के सचिव संजय संगतानी, सुनील हसीजा, राजकुमार खियानी, संजय खूबचंदानी, घनश्याम चावला, मदन सेवलानी इत्यादि की उपस्थिति रही।



## महाप्रभु की आरती व प्रसाद वितरण



**कटनी।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कमानिया गेट के महंत महाराज आनंद महाराज एवं उनके भक्तगणों द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी जी की महाआरती महाराज श्री 1008 आनंद महाराज द्वारा की गई व महाप्रभु का प्रसाद वितरण फल, मीठा, मिठाई व मीठे चावल का भोग सर्वप्रथम महाप्रभु को लगा कर के श्री आनंद महाराज एवं उनके भक्तगणों के द्वारा मंदिर प्रांगण में व बाहर खड़े भक्तगणों को वितरित किया गया। प्रसाद वितरण करने में आनंद महाराज, संजय गुप्ता, एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज, जिला कार्यकारिणी सदस्य जिला अधिवक्ता संघ, वैध सुरेंद्र विश्वकर्मा, अनंत गुप्ता, अनिरुद्ध बजाज, भरत तिवारी, बिन्नी मंगलानी, राजेश अग्रहरि, रामबाबू विश्वकर्मा, अक्षय बजाज, अनुराग पोद्दार, राहुल त्रिपाठी, शुभाष मालाकार, श्याम तिवारी, मनोज अग्रहरि, संगीता चौधरी, पवन तिवारी, सांतो जायसवाल, पवन श्रीवास्तव ने भक्तगणों को प्रसाद वितरण कर अपने जीवन का पुर्ण लाभ कमाया।




## बच्चों ने स्लोगन बनाकर किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण की विभिन्न गतिविधियों से आम नागरिकों को अवगत कराकर नगर में स्वच्छता की अलख जगानें तथा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में सहयोग प्राप्त करने की दृष्टि से निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में रोजाना स्वच्छता जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं नियुक्त सहयोगी संस्था प्रोजेक्ट मैनेजर जीशान खान व टीम लीडर सुरेन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में टीम के सदस्यों द्वारा राजीव गांधी वार्ड स्थित गुंडाघाट बस्ती के स्थानीय बच्चों की निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रतियोगिता उपरांत प्रतिभागी बच्चों को पुरूस्कार स्वरूप टाफियों का वितरण किया गया।

## प्रकाशोत्सव पर गरीबों की सेवा फल व अनाज का वितरण

**उत्साह के साथ मनाया गया सतगुरु बाबा नारायणशाह साहिब का प्रकाशोत्सव**



**कटनी।** सेवा की प्रतिमूर्ति सतगुरु बाबा नारायण शाह साहिब के प्रकाशोत्सव पर्व पर सतगुरु साईं जी की प्रेरणाओं उपकारों को याद कर उनके अमृत वचन नर सेवा ही नारायण सेवा है को चरितार्थ करते हुए हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति के सेवकों द्वारा जिला चिकित्सालय, बाबा माधवशाह चिकित्सालय, बाबा माधवशाह प्राकृतिक चिकित्सालय में फल एवं दद्दाधाम वृद्धाश्रम झिन्झरी वृद्धाश्रम एवं निराश्रित परिवारों में गेहूं, आटा, चांवल, अनाज, तेल, शक्कर, तोष, ब्रेड, चायपत्ती, फलफ्रूट और मिष्ठान का वितरण किया गया। सतगुरु बाबा नारायणशाह के प्रकाशोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में दद्दा धाम और झिंझरी स्थित वृद्धाश्रम में हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति द्वारा वृद्धजनों को वितरण कर सतगुरु साईं जी के स्मृति पुष्प अर्पित किये। सेवा कार्य में भगवानदास टिलवानी, लालचन्द कारड़ा, देवानंद आसरानी, ईश्वर बहरानी, सुनील डोडानी, पंकज शर्मा, मजहर हक, ब्रह्मा वलेचा, अमित कुमार, कैलाश जयसिंघानी, अमित तीर्थानी, कैलाश चेतवानी, भरत बजाज, साहिल भाषाणी आदि की उपस्थित रही। कानपुर, झांसी, जबलपुर, सतना, रीवा, बुढ़ार, शहडोल, खंडवा, बुरहानपुर, बालाधाट, सिवनी, छिन्दवाड़ा, सागर, दमोह, बीना, रायपुर, टिल्डा, बिलासपुर, रायगढ़, लालबर्रा, उज्जैन, विदिशा, कोरबा सहित अनेक में नगरों से चिकित्सालयों में फल फ्रूट वितरण किया गया।

## एनसीसी के छात्रों ने किया पौधारोपण



**कटनी।** चतुर्थ म. प्र. स्वतंत्र कम्पनी एन.सी.सी. कटनी कर्नल व्ही.पी.सिंह के आदेशानुसार 1 जुलाई से 15 जुलाई तक वृक्षारोपण पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है। प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के आदेशानुसार कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुये कैडेटों को घर के आस-पास के क्षेत्रों में वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया। वृक्षारोपण में शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के एन.सी.सी. कैडेटों ने अपने निवास स्थान के आस-पास एवं खाली स्थानों में आम, जामुन, नीम, पीपल, बरगद इत्यादि के पौधों को लगाया। कैडेटों ने पौधारोपण के साथ-साथ इनकी सुरक्षा करने का दायित्व भी उठाया। इस कार्यक्रम में मेजर सरदार दिवाकर ने कैडटों को फलदार पौधे प्रदानकर वृक्षारोपड़ कराया।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
श्री राम हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयॉं एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

## अभियान अंकुर के तहत पुरवार शाला में रोपे गए पौधे




**कटनी।** शासकीय पुरवार शाला में प्राचार्य आलोक पाठक के मार्ग दर्शन में विद्यालय के स्टाफ़ एवं स्काउट दल के छात्र-छात्राओं द्वारा राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अभियान अंकुर के तहत शाला परिसर में आम एवं नीम के पौधे रोपे गए। वायुदूत एप पर इस कार्यक्रम को अपलोड भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य आलोक पाठक, शिक्षका पदमा सराफ, नीलम तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी ज्योत्स्ना मिश्रा, सरिता बड़गियां, किरण दुबे, छात्र सत्यम कोरी, अमन यादव, खुश्बू चक्रवर्ती, काजल चक्रवर्ती, शिवानी राजपाल, बिट्टू, सुधीर, साक्षी, निहारिका, चंदन, संदीप, शालिनी आदि की उपस्थिति रही।

## कोरोना के चलते घरों पर किया जा रहा पौधारोपण



**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम जो 1 जुलाई से 15 जुलाई तक संचालित है। कोरोना संकट होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से ध्यान रखते हुये एन.सी.सी. इकाई की कैडेटो द्वारा अपने घरों में पौधा रोपण किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. गुप्ता द्वारा एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा किये जा रहे पौधा रोपण कार्य की सराहना एवं शुभकामनाएं दी गई। कैडेट्स द्वारा किये जा रहे पौधारोपण की फोटो एवं वीडियों को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से पौधारोपण के लिये आम जनता को प्रेरित किया जा रहा है व पौधों की आने वाली पीड़ियों के लिये प्राणदायक वायु एवं औषद्यीय महत्ता को समझाया गया।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper


## संभावित तीसरी लहर से निपटने कलेक्टर ने किया रिव्यू

# खतरा अभी टला नहीं, भीड़भाड़ वाली जगहों पर रखी जाए नजर

**कटनी।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने की जा रही तैयारियों का भी रिव्यू किया। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को मुस्तैदी से कार्य करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कोविड का खतरा अभी टला नहीं है। सर्विलांस दल का काम महत्वपूर्ण है। बस स्टेण्ड सहित शहर के ऐसे स्थल, जहां पर अधिक भीड़ भाड़ रहती है, वहां पर स्पेशली रेण्डम सैम्पलिंग करायें। आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सर्विलांस के कार्य में लगी हुई है, यह महत्वपूर्ण काम है। इनके लिये रिपोर्टिंग के लिये फॉर्मेट निर्धारित करें और उनकी रिपोर्ट को संकलित कर संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिये किये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट के फॉर्मेट में जोड़ें। बैठक में जिला अस्पताल और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में लगने वाले मेडिकल ऑक्सीजन प्लान्ट की अद्यतन तैयारियों का रिव्यू किया। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन प्लान्ट के समस्त पहलुओं का प्रशिक्षण संबंधित स्टाफको करायें। डीजी सैट सहित अन्य सभी तैयारियां समय पर पूर्ण हों। आईसीयू बैड और ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के रख-रखाव की जानकारी भी बैठक में कलेक्टर ने ली। उन्होंने कहा कि किस शासकीय स्वास्थ्य संस्था के पास कितने कंसन्ट्रेटर हैं, इसकी जानकारी प्रस्तुत करें। उनका संधारण बेहतर ढंग से किया जाये।



### मानदेय का तत्काल भुगतान करने के निर्देश

कोरोना की दूसरी लहर में स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से जोड़े गये अतिरिक्त मानव संसाधन के मानदेय का भुगतान समय पर हो, यह सुनिश्चित करें। इस कार्य में उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सर्विलांस दल के गठन, सैम्पलिंग, फीवर क्लीनिक की गतिविधियों की समीक्षा भी बैठक में कलेक्टर ने की। कोविड वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत किये जा रहे टीकाकरण कार्य का रिव्यू डीएचएस की बैठक में श्री मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि उच्च जोखिम वर्ग समूह के लिये विशेष टीकाकरण कैम्प लगाकर वेक्सीनेशन करायें। रोगी कल्याण समिति से प्राप्त प्रस्तावों को अनुमोदित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी और पीएचसी में 15वें वित्त से हो रहे निर्माण कार्यों की मॉनीटरिंग करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये।

### बेहतर कार्य करने पर बीएमओ व अन्य डॉक्टर्स को प्रशस्ति पत्र

बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य करने पर बीएमओ व अन्य डॉक्टर्स को प्रशस्ति पत्र भी कलेक्टर ने वितरित किये। साथ ही बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा भी की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह सहित बीएमओ, सीडीपीओ व संबंधित अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।



# आबादी के सर्वे कार्य में गति लाने दिये निर्देश

### अपर कलेक्टर ने रीठी में की स्वामित्व योजना की समीक्षा

**कटनी।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व योजना के तहत सर्वे का कार्य जारी है। जिसके तहत जिले के ग्रामों में भूमि का सर्वे ड्रोन के माध्यम से किया जा रहा है। सर्वे के उपरांत मानचित्र व अभिलेख तैयार किये जायेंगे और तैयार अभिलेखों के आधार पर ग्रामीणों को संपत्ति कार्ड जारी किये जायेंगे। मंगलवार को अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने रीठी तहसील अंतर्गत किये जा रहे आबादी सर्वे की समीक्षा की। रीठी में आयोजित बैठक में एडीएम ने सर्वे के दौरान अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही आबादी सर्वे के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। श्री रमन ने योजना के तहत शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के आधार पर कार्य करने के निर्देश भी दिये। साथ ही इस संबंध में ग्रामीणों से दावे-आपत्तियां प्राप्त कर उन्हें निराकृत करने के लिये भी निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में एसडीएम बलबीर रमन, तहसीलदार राजेश पाण्डेय, नायब तहसीलदार प्रियंका नेताम सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## धर्मगुरुओं, शिक्षाविदों, अधिकारियों व पत्रकारों का सम्मान करेगा वैश्य महापरिषद



**कटनी।** अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध बजाज ने बताया कि विश्वकर्मा युवक विकास समिती के बिलहरी अध्यक्ष वैध सुरेंद्र विश्वकर्मा के क्लीनिक में बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कटनी, मैहर, जबलपुर में 251 विशिष्ट जनों जैसे धर्मगुरु, शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाले व सामाजिक कार्य करने वाले जनों व पत्रकार, विधि क्षेत्र के अधिवक्ताओं, जिले के कमान संभालने वाले प्रशाशनिक अधिकारियों एनगर निगम व अन्य विभाग के प्रशाशनिक अधिकारियों व कुछ पीठो के महंत योगी गुरुजनों को उनके आवास व कार्यालय में जा करके अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद विश्वकर्मा युवक विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा विशष्ट सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम सावन माह से शुरू होकर दीपावली तक निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम के आयोजन समिति में वैध सुरेंद्र विश्वकर्मा, एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज, जिला कार्यकारिणी सदस्य जिला अधिवक्ता संघ प्रकाश जैन, अनिरुद्ध बजाज, संजय गुप्ता, सुभाष मालाकार, रामबाबू विश्वकर्मा, श्याम तिवारी, मनोज साहू शिरीष अग्रवाल, जबलपुर एके बड़ेरिया मंडला अंतु गुप्ता, सपना विश्वकर्मा, संगीता चौधरी, अक्षय बजाज आदि सदस्य गण उपस्थित थे।

## मधुमेह सुरक्षा व बाल कैंसर के खिलाफ चलेगा जागरूकता अभियान



### लायंस क्लब की प्री केबिनेट बैठक

**कटनी।** विगत दिवस लायन गर्वनर मीता अग्रवाल डि. 3233-सी की प्री केबिनेट बैठक ऑनलाइन जूम के माध्यम से संपन्न हुई, जिसमें डिस्ट्रिक पदाधिकारी की घोषणा हुई। सुरेश सोनी डि. केबिनेट सैकैट्री एडमिनिस्ट्रेशन, सुबोध अग्रवाल डि. केबिनेट सैकैट्री (गतिविधि), लायन अशोक भगेरिया डि. केबिनेट सैकैट्री, ऑफिस मुकेश अग्रवाल डि. केबिनेट ट्रेजरार मनोनीत हुए जिसमें इंटरनेशनल द्वारा प्रदत्त सेवा गतिविधि जिसमें चाइल्ड हुड कैंसर, दृष्टि प्रथम, मधुमेह सुरक्षा बाल कैंसर के खिलाफ जागरूकता, जल संवर्धन पर्यावरण सुरक्षा, भूख में राहत समूह के साथ नारी सशक्तिकरण एवं देश के लिए युवाओं को जागृत करना इसी पर संगठित होकर कार्य करेंगे। लायन गर्वनर मीता अग्रवाल ने बताया डि. 3233-सी जिसमें वर्तमान में 127 क्लब आते है जो कि संपूर्ण छ.ग. एवं म. प्र. के विन्ध, महाकौशल, बुंदेलखण्ड आते है यह रीवा, मैहर, सतना, छतरपुर, दमोह, जबलपुर, कैमोर, छिंदवाड़ा, परासिया, नरसिंहपुर से राजनांदगांव संपूर्ण छत्तीसगढ़ तक है। लायन गर्वनर मीता अग्रवाल जी की शपथ लायन इंटरनेशनल द्वारा मांट्रियल कन्वेशन (कनाडा) में होनी थी। इंटरनेशनल ने कोरोना संक्रमण के कारण यह कन्वेशन एवं शपथ ग्रहण ऑनलाइन जूम के माध्यम से 214 देश के गर्वनर की शपथ ग्रहण संपन्न हुई। लायन क्लब कटनी क्लासिक ने भी मीटिंग कर नये पदाधिकारी की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष संतोष तिवारी, सचिव विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन राम माखीजानी मनोनीत हुए। सभी लायन परिवार ने उज्जवल भविष्य में लिए चुने गये पदाधिकारियों को बधाई दी।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में एसडीएम कटनी कोर्ट प्रदेश में पांचवे स्थान पर

**कटनी।** जून माह में मासिक राजस्व प्रकरणों के निराकरण में कटनी जिले के एसडीएम कटनी का न्यायालय प्रदेश में पांचवे स्थान पर रहा है। एसडीएम कटनी बलबीर रमन ने जानकारी देते हुये बताया कि टॉप-5 एसडीएम कोर्ट में पहले स्थान पर उप खण्ड अधिकारी खिलचीपुर, उप खण्ड अधिकारी वारासिवनी, उप खण्ड अधिकारी जयसिंह नगर, उप खण्ड अधिकारी बालाघाट और उप खण्ड अधिकारी कटनी शामिल हैं। जून महीने में एसडीएम खिचलीपुर के न्यायालय द्वारा माह में 207 प्रतिशत, एसडीएम वारासिविनी न्यायालय द्वारा 118 प्रतिशत, एसडीएम जयसिंहनगर न्यायालय द्वारा 118, एसडीएम बालाघाट द्वारा 93 तथा एसडीएम कटनी न्यायालय द्वारा 91 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

### एडवांस सार्टिफिकेट इन प्रिसिजन इंजीनियरिंग में प्रवेश प्रारंभ

**कटनी।** गोविन्दपुरा स्थित ग्लोबल स्किल पार्क कैम्पस में एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिज़न इंजीनियरिंग में प्रवेश प्रारंभ है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक पर नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्रीमती वर्षा मिश्रा से 8269433474 अथवा 9893346258 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नदीपार मुक्तिधाम में नवनिर्मित गैस आधारित शवदाह गृह प्रारंभ

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा राममनोहर लोहिया वार्ड स्थित नदीपार मुक्तीधाम परिसर में नव निर्मित गैस आधारित शवदाह गृह का निर्माण कार्य कराया गया है। शवदाह गृह के संचालन एवं संधारण का कार्य निगम नगर पालिक निगम कटनी द्वारा किया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा जनसुविधा की दृष्टि से शवदाह गृह के संचालन एवं संधारण हेतु संबंधित फर्म, एजेंसी से आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा शवदाह गृह को शीध्र प्रारंभ करनें हेतु निगम के 8 कर्मचरियों को दायित्व प्रदान किये गए है। संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्ती उपरान्त आज प्रातः नवीन शवदाह गृह को चालू कराया गया। इस दौरान शमशान घाट में उपस्थित मृतक परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में नवीन शवदाह गृह के माध्यम से लगभग 2:30 घंटे में मृतक के अंतिम संस्कार उपरान्त राख एवं अस्थियों को परिवार के सदस्यों नें प्राप्त की।



### जिले में अब तक 179.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 13 जुलाई 2021 तक 179.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 244.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 13 जुलाई 2021 तक तहसीलवार जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 117.2 मिलीमीटर, रीठी में 129.2, बड़वारा में 174.0, बरही में 377.0, विजयराघवगढ़ में 229.1, बहोरीबंद में 184.9, स्लीमनाबाद में 100.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 134.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की सभी तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे निरंक मिमी वर्षा दर्ज हुई।


**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340




## बहोरीबंद तथा स्लीमनाबाद में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही

### आरोपियों के विरुद्ध 11 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज



**कटनी।** आबकारी विभाग द्वारा 13 जुलाई मंगलवार को अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय व निर्माण की रोकथाम के विरुद्ध बहोरीबंद एवं स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थलों में कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि इस दौरान ग्राम करहिया मतवारीहार, मनवारीहार, घुघरा, डुड़रीहार तथा नैगवां में दबिश दी गई। जिसमें 4760 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 8 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा भी जप्त की गई है। आबकारी विभाग द्वारा मंगलवार को की गई कार्यवाही में संबंधितों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 11 न्यायालयीन प्रकरण भी दर्ज किये गये है। इस दौरान मौके पर जप्तशुदा लाहन का सैमपल लेकर नष्ट किया गया है। इस कार्यवाही में जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित कीम 2 लाख 39 हजार 200 रुपय है।



1620 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 14 लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त

### विजयराघवगढ़ में कई ठिकानों पर आबकारी की दबिश

कटनी। जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि 12 जुलाई को भी विभागीय अमले द्वारा आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर दबिश देकर कार्यवाही की गई है। सोमवार को आबकारी विभाग द्वारा ग्राम घुन्नौर, पथरहटा, खिरवा नंबर–1 में सहायक जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। जिसमें 1620 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है। इसके साथ ही 14 लीटर हाथभट्टी मदिरा भी इस दौरान जप्त किया गया है। इस कार्यवाही में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत पंजीबद्ध किये गये हैं। जप्तशुदा लाहन का सैम्पल लेकर नष्ट किया गया है। कार्यवाही में जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 83 हजार 100 है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.**

क्रमांक/214/प्रवा. वि.अधि./2021 कटनी दिनांक 13/07/2021

द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये)

**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक अंकुर शर्मा आ. श्री अशोक शर्मा (अविवाहित) उम्र लगभग 30 वर्ष (जन्मतिथि 23.04.1991) निवासी आ. अशोक शर्मा वार्ड नं. 24 हनुमान चौक बसौदा गंज बसौदा विदिशा (म.प्र.) 464221 एवं आवेदिका इशिता शर्मा पिता श्री अमरीश शर्मा (अविवाहित) उम्र लगभग 23 वर्ष, (जन्मतिथि 07.10.1997) निवासी साकिन आ. अमरीश शर्मा राममनोहर लोहिया वार्ड जालपा मंदिर के पास मुड़वारा म.प्र. 483501 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/ रूपये चालान क्रमांक 12 दिनांक **22.06.2021** को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से **30** दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक **16.08.2021** को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने **अभिभाषक/प्रतिनिधि** के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)

आगामी तिथि 16.08.2021


**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

mgm HOSPITAL We Care with Care

**त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 28/07/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

**मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हर्ष सक्सेना**

डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 18/07/2021 दिन रविवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

सिर एवं रीढ़ की चोटें, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.बी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।

माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72


**नाम सुधार**

मैं घोषणा कर्ता/सूचना देयता मुकेश कुमार मिश्रा (MUKESH KUMAR MISHRA) पिता स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, आयु 57 वर्ष निवासी सुभाष नगर, आयुध निर्माणी कटनी (म.प्र.) घोषित/सूचित करता हूं कि मेरा नाम आयुध निर्माणी कटनी के सर्विस रिकार्ड में मुकेश कुमार (MUKESH KUMAR) दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम मुकेश कुमार मिश्रा (MUKESH KUMAR MISHRA) है, जो सत्य व सही है। तथा मेरे सभी औपचारिक दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में दर्ज है। अस्तु मेरा वास्तविक नाम मुकेश कुमार मिश्रा (MUKESH KUMAR MISHRA) है, इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

कटनी दिनांक- 14.07.2021
मुकेश कुमार मिश्रा
(MUKESH KUMAR MISHRA)
पिता स्व् श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा
घोषणाकर्ता/सूचना देयता

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि नारायण शर्मा वल्द स्व. श्री मदन मोहन शर्मा निवासी विनोवा भावे वार्ड गायत्री मंदिर के सामने खिरहनी की भूस्वामी हक्क की भूमि मौजा बरगवां के राजस्व सर्किल मुड़वारा में स्थित खसरा क्रमांक- 162, 162/1, 163, 163/1, 164, 165, 165/1, 166, 165/3, 166/5, 166/4, 166/6,181/2, 182, 184, 185, 186/2, 187/2, 187/1, 188, 190/1, 189/2 जिनका रकवा क्रमशः 0.96, 0.04, 0.95, 0.10, 0.73, 0.33, 0.010, 6.03, 0.01, 0.19, 0.20, 0.02, 0.03, 0.41, 1.41, 1.88, 0.64, 0.36, 2.50, 0.32, 0.14, 3.96, 1.10, 4.75, 9.81 हे. कुल 26.78 हे.। उपरोक्त विवरण के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 11/2/2021 को अंतिम निराकरण सीमांकन के संबंध में माननीय तहसीलदार मुड़वारा म.प्र. शासन को आदेशित कर दिया है। अतः उपरोक्त खसरों को किसी भी प्रकार से खुर्द-बुर्द करने का प्रयास न करें क्योंकि अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायालय में शासन के विरूद्ध विचाराधीन है। उक्त प्रकरण आम जनता को सूचित होवे इस हेतु आम जनता हेतु प्रकाशित किया गया है।

आम सूचनाकर्ता :- नारायण शर्मा, मो. नं. 9685200314

**आम इश्तहार**

मैं अरविंद कुमार तिवारी पिता स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तिवारी उम्र 54 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 बरही, जिला कटनी मध्यप्रदेश का स्थाई निवासी हूँ एवं शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ। यह कि ग्राम बरही प.ह.नं. 10, राजस्व निरीक्षक मंडल बरही तहसील बरही, जिला कटनी मध्यप्रदेश स्थित भूमि जिसका खसरा नं.64/1,67/1, 6/2 रकवा क्रमशः 0.613, 0.132, 1.052 हे. भूमि के भू-स्वामी वर्तमान समय मे रामकृष्ण तिवारी पिता स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तिवारी के नाम पर गलत तरीके से दर्ज हो जाने से वर्तमान समय में विवादास्पद है। एवं उक्त भूमि का न्यायालयीन प्रकरण चल रहा है। उक्त भूमि पैतृक है, जिस पर आपसी सहमति के अनुसार वारसान काबिज है। यह कि मुझ शपथकर्ता की ओर जनसामन्यजनों सूचित हो कि उक्त खसरा नं. की भूमि विवादित भूमि का क्रय-विक्रय न करे। अन्यथा विवाद की परिधि में आ जाएंगे। अगर कोई व्यक्ति उक्त खसरा नंबरों की भूमि का किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है तो वह स्वयं जबाबदार रहेगा।

शपथकर्ता- अरविंद कुमार तिवारी
बरही, जिला-कटनी, मो. 9893083464

# अब रेल दुर्घटना के पहले बजेगा अलार्म

## ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम से स्टाफ द्वारा अगले स्टेशन में किया जा सकेगा सुधार





**कटनी–सिंगरोली रेलखण्ड के पिपरियाकला एवं खन्नाबंजारी स्टेशन पर ओएमआरएस की स्थापना**

**कटनी।** यात्री गाड़ियों एवं मालगाड़ियों की संरक्षा को ओर भी ज्यादा सुनिश्चित करने एवं त्वरित गति से सुधारीकरण करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर मंडल के यांत्रिक विभाग द्वारा कटनी सिंगरोली रेल खण्ड में पिपरियाकला एवं खन्ना बंजारी स्टेशनों के मध्य ऑनलाईन मॉनिटरिंग सिस्टम ओएमआरएस की स्थापना की गई है। ऑनलाइन मॉनिटरिंग रॉलिंग स्टॉक ओएमआरएस सिस्टम बियरिंग में दोष के कारण आवाज में परिवर्तन एवं किसी दोष के कारण चक्के द्वारा लिये जाने वाले भार में परिवर्तन आने पर दोष को पकड़ता है। प्रायः यह देखा जाता है कि मालगाड़ियों में भार अधिक होने के कारण फ्लेट टायर तथा हॉट एक्सल का दोष आ जाता है, जिससे कभी-कभी परिचालन में गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी, लेकिन अब जैसे ही ये समस्या उत्पन्न होगी, तुरंत इसकी जानकारी ओएमआरएस संबंधित अनुरक्षकों को पहुंचा देगा, जिससे सुधारीकरण अमला पहले से ही सतर्क हो जायेगा। विदित हो कि पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता के निर्देशन और मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर के नेतृत्व में जबलपुर मण्डल के यांत्रिक विभाग सदैव नयी तकनीकों को स्थापित करने के लिए जाना जाता है। जबलपुर मंडल में वैगनों के अनुरक्षण एवं संरक्षा में सदैव ही विशेष ध्यान दिया जाता रहा है।

### मालगाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने डब्ल्यूएलआईडी का उपयोग

गौरतलब है कि पमरे में फ्रेट मालगाड़ियों की गति में वृद्धि के लिए व्हील इम्पेक्ट लोड डेडक्टर डब्ल्यूएलआईडी उपकरणों को कटनी-बीना रेल खण्ड में दमोह के पास, बीना-भोपाल रेल खण्ड में बीना के पास एवं भोपाल-इटारसी रेलखण्ड में इटारसी के पास रूटों पर प्रतिस्थापित किया गया है। डब्लूआईएलडी की तकनीक से और उच्च तकनीक ओएमआरएस की प्रतिस्थापित हो जाने से दोनों प्रणाली के संयुक्त रूप से कार्य करने में फ्रेट मालगाड़ियों की गति उत्तरोत्तर वृद्धि करेगी। पमरे म डब्लूआईएलडी और ओएमआरएस प्रणाली के लगने से फ्रेट मालगाड़ियों के संचालन में भी तेजी आएगी तथा मालगाड़ियों की गति को 75 केएमपीएच की गति वृद्धि में काफी कारगर साबित हो रही है। इस प्रकार पमरे में ओएमआरएस की उच्च तकनीक से जहां रेलकर्मी स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही दोष की जानकारी मिलेगी, वहीं परिचालन के सुधारीकरण की गुणात्मक गुणवत्ता में और अधिक उन्नत होगी और साथ-साथ समय की बचत होगी।

### वैगन की संपूर्ण जानकारी का रहेगा रिकार्ड

यह सिस्टम वैगन की सम्पूर्ण जानकारी रिकॉर्ड रखेगा, जिसमे ट्रेन के गुजरने की तारीख एवं समय, वैगन की संख्या, गाड़ी की गति, संचालन की दिशा, ट्रेन के इंजन एवं वैगन की फोटो एवं ट्रेन के इंजन एवं वैगन के नम्बर शामिल है। इसके उपयोग में आने के बाद सेक्शन में चलने वाली गाड़ियों के बियरिंग तथा चक्कों में यदि कोई खराबी आती है तो यह सिस्टम इस खराबी की सूचना अलार्म एवं एसएमएस के माध्यम से कंट्रोल आफिस में तुरंत सूचना देगा, फलस्वरूप कैरेज एंड वैगन स्टाफ द्वारा अगले स्टेशन में खराबी जानने हेतु परीक्षण किया जाता है, जिससे त्वरित कार्यवाही होना सुनिश्चित होता है। इस प्रणाली के लगने से कम समय में वैगन अनुरक्षण एवं रखरखाव बेहतर तरीके से होगा।

## रीठी में बनेगा ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र

### समान्य श्रेणी के लोगों को मिलेगा 10 प्रतिशत आरक्षण




**रीठी।** शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर समान्य वर्ग के लोगों का आय और संपत्ति का ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र अब लोक सेवा गारंटी के तहत जारी किया जाएगा। जिसका कार्य रीठी के लोक सेवा केंद्र में शुरू भी कर दिया गया है। बताया गया कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सरकार ने 15 दिवस की समय सीमा भी तय की है। इसके पहले यह प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा जारी किया जाता था। जानकारी देते हुए रीठी लोक सेवा केंद्र के मैनेजर सोमनाथ यादव ने बताया कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए सभी को लोक सेवा केंद्र पर जाकर आवेदन करना पड़ेगा। ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र का उपयोग गरीब समान्य श्रेणी के लोगो को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए किया जाता है। बताया गया कि यह प्रमाण पत्र आम प्रमाणपत्रों की तरह समान्य ही हैं। जो किसी व्यक्ति की वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। इसे आर्थिक रूप से कमजोर समान्य वर्ग के लिए शैक्षणिक संस्थानो में एडमिशन और सरकारी नौकरीयों में 10 प्रतिशत आरक्षण के लिए जारी किया जाता है।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर करें पौधों की देखभाल

### अशासकीय महाविद्यालय संघ ने किया पौधारोपण



**कटनी।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को लेकर जिले में चलाए जा रहे हरियाली महोत्सव के तहत अशासकीय महाविद्यालय संघ द्वारा चड्डा ग्रुप के तत्वावधान में संचालित बेलवेदर स्कूल में विगत दिवस वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वो कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करे। पौधारोपण करने के साथ ही उसकी निगरानी भी जरूरी है। चड्डा ग्रुप के चेयरमेन प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने कहा कि जिस तरह हम अपने बच्चों का लालन पोशन करते हैं और उनकी देखभाल करते हैं, ठीक उसी तरह हमे पौधों का भी ख्याल रखते हैं। पौधों से हमे ऑक्सीजन के साथ ही सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, जो हमारे मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक है। राजीव गांधी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। हर नागरिक को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए। सरावगी कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ. श्रीमती ऊषा पांडे एवं बारडोली कॉलेज के मुकेश वर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर अशासकीय महाविद्यालय संघ के अध्यक्ष सुकीर्ति जैन, चड्डा ग्रुप के चेयरमैन जय चड्डा, संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राजपूत, रीठी कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. मनोज खरे, केदार बिचपुरिया, दीपक माथुर, कपिल जैन एवं नदीम खान की उपस्थिति रही।

## कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ यूथ विंग में नियुक्तियां



**कटनी।** कांग्रेस कमेटी उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ यूथ विंग की महत्वपूर्ण बैठक मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में झिंझरी में सम्पन्न हुई। बैठक में कटनी जिला एवं जिले की विधानसभाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई एवं आगामी समय मे कटनी शहर में पेयजल की भारी किल्लत, बढ़ती महँगाई के विरुद्ध, डीजल पेट्रोल की आसमान छूते भाव के विरूद्ध तथा तीनों काले कृषि कानून के विरूद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव हरिशंकर शुक्ल ने कांग्रेस की नीतियां, कांग्रेस के क्रियाकलाप तथा भाजपा की कुनीतियां और तानाशाही के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक को यूथ विंग जिला अध्यक्ष सचिन गर्ग सरकार, आई टी सेल जिला अध्यक्ष शिवम गर्ग महाराज, कांग्रेस नेता मयूर त्रिपाठी, अर्जित खरे, आदि ने संबोधित किया। इस बैठक में राजेंद्र बंटी गुप्ता को मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष, अर्जित खरे को जिला महासचिव, आयुष तिवारी को मुड़वारा विधानसभा उपाध्यक्ष, अभिलाष पांडेय को मुड़वारा विधानसभा सचिव, अमन तिवारी को बड़वारा विधानसभा अध्यक्ष, सत्यम गर्ग को जिला सचिव, राज दुबे को आई टी सेल जिला उपाध्यक्षए आयुष सिंह ठाकुर को जिला महासचिव एवं देवेश सिंह ठाकुर को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।

## निर्माण कार्य की फोटो मंगाएं, करुंगा रिव्यू

### डीएमएफकी कार्यपालिक समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश, पूर्ण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र जमा कराएं



**कटनी।** खनिज प्रतिष्ठान मद की कार्यपालिक समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विगत वर्षों में डीएमएफ से हुये कार्यों का विस्तार से रिव्यू किया, साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित वर्किंग एजेन्सीज को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में डीएमएफ के लिये पृथक से लोगों को डिजाईन कराएं, इसके लिये माय गोव से समन्वय कर लोगो डिजाईन के लिये प्रतियोगिता का आयोजन करें। साथ ही फाईनल चयनित होने वाले लोगो के लिये प्रशासकीय व्यय से दस हजार रुपये की पुरुस्कार राशि दी जाए, इसके साथ ही श्री मिश्रा ने कटनी डीएमएफका लोगो फाईनल होने के बाद खनिज प्रतिष्ठान मद से वित्तपोषित समस्त कार्यों में इसका उपयोग सुनिश्चित किया जाये। पूर्व वर्षों में डीएमएफ के फंड से पूर्ण हुये सभी कार्यों के स्थल पर कार्य व योजना की जानकारी बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग, जो डीएमएफ फण्ड से कार्य कर रहे हैं, कार्य पूर्ण होते ही फोटोग्राफ के साथ पूर्णतः प्रमाण पत्र नोडल ऑफीसर डीएमएफको भेजें। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को भी सभी संबंधित विभागों को पत्र लिखकर पूर्णतः प्रमाण प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया। खनिज प्रतिष्ठान मद से हो रहे विकास कार्यों की बेहतर मॉनीटरिंग और रिव्यू के निर्देश भी बैठक में कलेक्टर ने दिये। उन्होंने कहा कि हो रहे हर निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति का फोटो मंगायें। मैं शीघ्र ही पुनः इसका रिव्यू करुंगा।

### शवदाह गृह प्रारंभ क्यों नहीं हुआ, होगा पत्राचार

डीएमएफकी राशि में किसी भी लीज का कुछ भी बकाया नहीं है, इस विषय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश रिव्यू मीटिंग में खनिज अधिकारी को कलेक्टर ने दिये। उन्होंने कहा कि डीएमएफके कार्य में अकाउन्ट मैन्युअल पूर्णतः फॉलोकिया जाये, यह सुनिश्चित करें। नगर निगम द्वारा खनिज प्रतिष्ठान मद से आवंटित गैस आधारित दाह संस्कार के लिये शवदाह गृह अब तक प्रारंभ क्यों नहीं हुआ, इसके लिये पत्र लिखकर जवाब मांगें। बैठक में वार्षिक कार्ययोजना तैयार कराने के संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही न्यास मण्डल की बैठक की तैयारी बेहतर रुप से करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। बैठक में वन मण्डलाधिकारी आर.सी. विश्वकर्मा, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## जायंट्स वैदेही की नई कार्यकारिणी ने ली सेवा की शपथ

**कटनी।** इंटरनैशनल जायंट्स ग्रुप आफ वैदेही कटनी की नवगठित कार्यकारिणी व वैदेही ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह आइसीएफ के कांफ्रेंस हाल में हुआ। शपथ अधिकारी दीपिका शर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को ग्रुप के संविधान के तहत सेवा व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। नवगठित कार्यकारिणी को पिन लगाते हुए जायंट्स के नियमों व उद्देश्यों को मानने व सेवाभाव से अवगत कराया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्रीमती संतोष जैन, उपाध्यक्ष मंजू खरे, रीना चौदहा, प्रशासन संचालक मंजू नेमा, कोषाध्यक्ष सविता पुरवार को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एम जे एस लाम्बा ने सभी को जायंट्स के नियमों उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बेहतर सेवा सत्र को अंजाम देने की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि मुकेश चंदेरिया, अतुल जैन, अनिल नेमा, दिनेश बाटला, प्रिया श्रीवास्तव, संजय सोनी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत संचालिका पायल जेतवानी ने गणेशवंदना से की और विदालेयता अध्यक्ष ने बेल बजाकर औपचारिक समारोह को सम्पादित करने की अनुमति दी। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया और जायंट्स की सेवा प्रार्थना की। मंचासीन अतिथियों का स्वागत वैदेही सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए किया। पूर्व अध्यक्ष ने अपने पिछले सेवा सत्र पर प्रतिवेदन पेश किया। मुख्य अतिथि एमजे एस लाम्बा ने मार्गदर्शन भाषण प्रस्तुत किया, वहीं विशेष सहयोग फैडरेशन अधिकारी निशा तिवारी का रहा सभी वैदेहीयों और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। नए वैदेही सदस्यों के रूप में नीतू पुरवार, हनी शिवहरे, अनीता त्रिपाठी, गायत्री निगम, दीपा बरसैंया, अंजली सरावगी को शामिल किया गया। कार्यक्रम का संचालन पायल जेतवानी ने किया। नए उपाध्यक्ष रीना चौदहा ने आभार प्रदर्शित किया। समारोह में शशि यादव, सीमा श्रीवास्तव, उषा पुरवार, स्नेहलता सोनी, ज्योति सरावगी, सीमा लहरिया, चंचल पुरवार, अंजना जायसवाल की उपस्थिति रही।

## नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों को किया गया विसंक्रमित



**कटनी।** कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रिंयक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना नगर के नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के धोल से सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जा रहा है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज अभियान के तहत निगम के कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से नदीपार स्थित शिवा जी नगर गली नंबर 8 एवं 9 के विभिन्न स्थलों, अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्री नगर में दीक्षित जी की गली एवं फरीदी दवाखाना, शर्मा मार्केट गली नंबर 2, तिलक कॉलेज रोड उपस्वास्थ्य केन्द्र, रोशन नगर सेंट एब्राहम स्कूल के पास सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।

## निकाय चुनाव पर आम आदमी पार्टी का फोकस

### जिला से लेकर वार्ड स्तर तक नियुक्तियां, यूथ विंग सहित कई मोर्चों का गठन



**कटनी।** आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय में 13 जुलाई को प्रदेश सचिव आशीष सिंगरहा के मुख्यातिथ्य, प्रवक्ता डॉ ओम बाबू जांगिड़ की अध्यक्षता एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष एड. सुनील मिश्रा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमे आगामी रणनीति पर विचार विमर्श हुआ व दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश के प्रभारी गोपाल राय व प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह द्वारा नियुक्त पार्टी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। कटनी जिला कार्यकारिणी विस्तार व यूथ विंग की घोषणा की गई। जिसमे आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, यूथ विंग के जिलाध्यक्ष लकी सिंह रावत, सीवायएसएस के जिलाध्यक्ष ओम त्रिसोलिया, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी को बनाया गया है। जिला कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपक आजाद, जिला कार्यालय प्रभारी अभिषेक बजाज, जिला विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह चौहान एडवोकेट, जिला सचिव संतोष कटियार एडवोकेट, जिला सह सचिव, सीतू सिंह एडवोकेट, जिला यूथ विंग जिलाध्यक्ष लकी सिंह रावत, नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी आशु, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक पाठक, कोषाध्यक्ष हर्ष पांडेय, सचिव सूरज रावत, जिला उपाध्यक्ष सत्यम रजक, शोसल मीडिया प्रभारी शुभम दुबे, मीडिया प्रभारी सौरभ सिंह परिहार, वार्ड 3 अध्यक्ष अमन कुशवाहा, वार्ड 5 अध्यक्ष मनीष यादव, वार्ड 7 अध्यक्ष गौरव सेन, वार्ड 4 अध्यक्ष विजय प्रकाश यादव, सक्रिय सदस्य डी पी साहू, सीवायएसएस छात्र युवा संघर्ष समिति अध्यक्ष ओम त्रिसोलिया, उपाध्यक्ष पवन सैनी, कोषाध्यक्ष आयुष द्विवेदी, सचिव नितिन साहू, कार्यक्रम संयोजक अभी तिवारी, तहसील प्रभारी ओम तिवारी, मीडिया प्रभारी कुलदीप प्यासी, सह सचिव अनीष निषाद को बनाया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह ने शुभकामनाएं दी।

# आसमान छू रहे पेट्रोल के दाम, लोगों का बिगड़ा बजट

## शहर में 110 रूपए प्रति लीटर हो गए दाम, लगातार बढ़ते दामों से परेशान हर वर्ग




**कटनी।** महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़कर रख दिया है। खासकर पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी की वजह से निम्न और मध्यम वर्ग की परेशानियों में इजाफा हो गया है। आलम यह है कि हर दिन इनकी कीमतों में वृद्धि हो रही है। मध्यप्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पूरे देश में सबसे ज्यादा टैक्स वसूले जाने का असर इनकी कीमतों पर देखने को मिल रहा है। मध्यम वर्ग की तो जैसे की कमर ही टूट गई है। कोरोना संक्रमण काल के दौरान लोगों की आय घटी है, ऊपर से बढ़ती महंगाई ने लोगों के सामने आर्थिक संकट जैसे हालात पैदा कर दिए हैं।



शहर में मंगलवार को पेट्रोल के दाम 110 रुपए प्रति लीटर को पार कर गए। जो अब तक के सबसे अधिक है। पेट्रोल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से निम्न और मध्यम वर्ग को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर लोगों के बजट पर पड़ रहा है। खासकर ऐसे लोग परेशान हैं, जिनकी आय कम है। पेट्रोल के दामों में वृद्धि होती देख लोगों का कहना है कि यदि इसी रफ्तार से दाम बढ़ते रहे तो जुलाई खत्म होते-होते पेट्रोल 150 रुपए लीटर पर पहुंच जाए तो कोई आश्चर्य नहीं। जानकारी के मुताबिक जुलाई में अमूमन हर दिन पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सोमवार को जहां पेट्रोल के दाम 109 रुपए थे तो वहीं मंगलवार को 110 रुपए पर पहुंच गए। लगातार वृद्धि से लोगों में रोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में नियंत्रण करने का प्रयास करना चाहिए। सोशल मीडिया पर भी लोगों का गुस्सा झलक रहा है। सोशल मीडिया पर इनकी कीमतों को लेकर कई तरह के जोक्स चल रहे है। जिसमे कहा जा रहा है कि जल्द ही पेट्रोल 60 रूपए हो जाएगा, मतलब 60 रूपए में आधा लीटर।

### बसों और आटो का किराया बढ़ा

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का असर साफ तौर पर देखा जा रहा है। बसों और आटो का किराया बढ़ गया है। माल परिवहन की दरों में भी बढ़ोत्तरी कर दी गई है। लोगों का कहना है कि कोरोनाकाल में आय घटी है और खर्च बढ़ गया है। मप्र में सबसे ज्यादा टैक्स होने से सबसे ज्यादा महंगा पेट्रोल बिक रहा है। कहीं से राहत न मिलने से अब लोग आहत नजर आ रहे हैं। 5 से 10 हजार रुपए मासिक वेतन पाने वाले नौकरी पेशा वर्ग को अपने काम के सिलसिले के लिए बाइक का उपयोग करना पड़ता है लेकिन पेट्रोल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। पेट्रोल के दाम बढ़ने के कारण सबसे ज्यादा मध्यम वर्ग परेशान है। बाइक के बगैर लोगों के काम नहीं होते और बाइक चलाने के लिए पेट्रोल भरवाना पड़ता है।

### रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़े दाम

राहुल बजाज का कहना है कि पेट्रोल और डीजल रोजमर्रा में इस्तेमाल में आने वाली वस्तुओं को लाने और ले जाने के काम आता है। इस कारण घर का बजट खराब हो जाता है। शहरवासियों ने कहा कि केन्द्र सरकार गरीबी को खत्म करने की बजाए गरीबों को खत्म करने का काम कर रही है। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों से शहर में पहुंच रही हर चीज के रेट पहले से दोगुने हो गए हैं।

### बढ़ते दामों से बिगड़ रहा घर का बजट

विजय बजाज का कहना है कि प्रत्येक दिन पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से घर में इस्तेमाल होने वाली प्रत्येक वस्तु महंगी हो रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों के घर का बजट बिगड़ रहा है। सरकार आम लोगों के रोजगार में बढ़ोत्तरी तो कर नहीं रही लेकिन रोजमर्रा की वस्तुओं के रेट बढ़ाकर मध्यमवर्ग को परेशान कर रही है।

### मध्यम वर्ग हो रहा अधिक प्रभावित

अविनाश दुबे का कहना है कि पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से घर में इस्तेमाल होने वाली प्रत्येक वस्तु महंगी हो गई है। इसका कारण है कि दिनों दिन बढ़ रही पेट्रोल और डीजल की कीमतें। मध्यमवर्ग छोटे.मोटे काम कर अपने दिनचर्या चला रहा है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग का जीना दूभर हो गया है।

### खाद्य पदार्थो पर पड़ी महंगाई की मार

मोहित डोडानी का कहना है कि पेट्रोल और डीजल के बढ़े दामों से खाद्य पदार्थों के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है, जो मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। दूध, फल, सब्जियां महंगी होने से आमजन को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। उनकी रसोई के समान की खरीदारी का बजट गड़बड़ा रहा है।

# फेसबुक में वाहन क्रय-विक्रय का विज्ञापन देकर दो युवकों से पौने तीन लाख की ठगी

**कटनी।** फेसबुक में ऑनलाइन वाहन क्रय-विक्रय का विज्ञापन देकर दो युवकों के साथ पौने तीन लाख रूपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम गुलवारा निवासी मनोज पिता रामदास सोनी ने फेसबुक में वाहन क्रय-विक्रय का विज्ञापन देखकर उसमें लिखे मोबाइल नंबर 7205505364, 9179895727, 9707639323 में संपर्क किया और मोबाइल धारक से वाहन खरीदने की इच्छा जताई। सौदा तय होने के बाद मोबाइल धारक ने वाहन के पैसों की डिमांड की और पेमेंट भी ऑनलाइन भेजने कहा। जिसके बाद मनोज सोनी ने मोबाइल धारक के खाते में 1 लाख 94 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर होने के बाद मोबाइल धारक ने मोबाइल बंद कर लिए। इसी प्रकार दूसरे मामले में ग्राम कछगवां निवासी सचिन पिता शिवकुमार पटेल ने भी विज्ञापन देख कर मोबाइल नंबर 6394797430, 8260826453, 7353085093 के धारक से संपर्क कर वाहन खरीदना चाहा। जिसके बाद उससे भी पैसे मंगाए गए। बताया जाता है कि सचिन ने मोबाइल धारक के कहने पर 80 हजार 500 रूपए ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर करने के बाद ये मोबाइल नंबर भी बंद हो गए। बहरहाल पुलिस ने दोनों मामलों में ठगी के शिकार हुए युवकों की शिकायत पर मोबाइल धारकों के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामलों को जांच में लिया है।




# कामायनी एक्सप्रेस में मिली घर से भागी लड़की

## आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन को सुरक्षित सौंपा

**कटनी।** घर से बिना बताए भाग कर मुंबई जा रही एक लड़की को आरपीएफ ने सुरक्षित चाइल्ड लाइन के हवाले किया है। ट्रेन एस्कोर्टिंग के दौरान आरपीएफ कर्मियों को पता चला कि गाड़ी संख्या 01072 वाराणसी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस के एस-2 कोच में एक नाबालिग लड़की घर से बिना बताए हुए मुंबई जा रही है। उक्त नाबालिग लड़की को ट्रेन में एस्कोर्टिंग कर रहे प्रधान आरक्षक सुरजन सिंह ने अपनी निगरानी में लिया और इस बात की सूचना मण्डल सुरक्षा नियंत्रक जबलपुर को दी। सूचना पर दमोह पोस्ट से प्रधान आरक्षक कमलेश यादव, महिला आरक्षक विनीता विश्वकर्मा ने गाड़ी के दमोह स्टेशन पहुंचने पर गाड़ी को अटेंड किया एवं प्रधान आरक्षक सुरजन यादव के साथ उक्त लड़की को आरपीएफ पोस्ट दमोह लाया गया। पूछताछ करने पर उसने अपने पिता का नाम कपिल देव गौतम निवासी मोड़ थाना सदर कोतवाली जिला प्रतापगढ़ यूपी बताया। आरपीएफ पोस्ट में नाबालिग लड़की को महिला आरक्षक के संरक्षण में रखा गया। उप निरीक्षक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा महिला आरक्षक के संरक्षण में उक्त नाबालिक लड़की से जांच पूछताछ किए जाने पर उसने यह भी बताया कि वह अपने घर से भागकर ट्रेन से वाराणसी से मुंबई जा रही थी। उक्त लड़की के पास कोई कागजात, रुपया पैसा या अन्य सामान नहीं था। लड़की ने पिता का मोबाइल नंबर बताया। लड़की के पिता को दूरभाष नंबर पर सूचित किया गया एवं उसके पिता द्वारा संबंधित पुलिस थाना में कोई एफआईआर आदि दर्ज नहीं कराई गई थी। जिसके पश्चात चाइल्डलाइन दमोह फोन नं 1098 पर एवं सिविल पुलिस थाना दमोह कोतवाली को सूचना दी गई। जिसके बाद चाइल्ड लाइन दमोह से चाइल्डलाइन प्रतिनिधि अजीता तिवारी एवं सबबू लाल अहिरवार के पोस्ट पर आने उपरांत उक्त नाबालिग लड़की को सही हालत में चाइल्ड लाइन प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया।



# कल से फिर शुरू होगा वेक्सीनेशन

## एक दिन में लगेंगी 15 हजार 500 डोज

**कटनी।** तीन दिन की छुट्टी के बाद कल 15 जुलाई गुरूवार से जिले में एक बार फिर वेक्सीनेशन शुरू हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने वेक्सीनेशन के लिए प्लान तैयार कर लिया है। बताया जाता है कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित वेक्सीनेशन सेंटर्स पर कल गुरूवार को एक दिन में 15 हजार 500 डोज लगाई जाएंगी। जिसमे शहरी क्षेत्र में 3 हजार, बड़वारा ब्लॉक में 1 हजार 500, बरही ब्लॉक में 1 हजार, बहोरीबंद ब्लॉक में 2 हजार, ढीमरखेड़ा ब्लॉक में 2 हजार, रीठी ब्लॉक में 2 हजार, विजयराघवगढ़ ब्लॉक में 2 हजार एवं कन्हवारा स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत 2 हजार वैक्सीन की डोज लगाई जाएंगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि सभी सेंटर्स पर आज दोपहर वैक्सीन की डोज भेज दी गई है। कल सुबह 10 बजे से वैक्सीनेशन शुरू होगा। लोगों के ऑनस्पॉट टीका लगाया जाएगा।

### कहां कितनी लगेंगी वैक्सीन

| क्षेत्र/स्वास्थ्य केन्द्र | डोज |
|---|---|
| शहरी क्षेत्र | 3000 |
| बड़वारा ब्लॉक | 1500 |
| बरही ब्लॉक | 1000 |
| बहोरीबंद ब्लॉक | 2000 |
| ढीमरखेड़ा ब्लॉक | 2000 |
| रीठी ब्लॉक | 2000 |
| विजयराघवगढ़ ब्लॉक | 2000 |
| कन्हवारा स्वास्थ्य केन्द्र | 2000 |
| **कुल योग** | **15500** |

# मानसून की बेरुखी पड़ रही भारी

## गर्मी व उमस से लोग परेशान



**कटनी।** बारिश का इंतजार अब शहर को परेशान करने लगा है। स्थिति यह हो गई कि सुबह से ही तपन और उमस हलकान करने लगती हैं। दोपहर तक तो शरीर पसीने से तरबतर हो जाता है। हालांकि आसमान पर मंडराने वाले बादलों से हर दिन आस जगती है लेकिन बूंदाबांदी के बाद वे भी हवाओं के झोकें के साथ आगे बढ़ जाते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल बेहतर बारिश की कोई उम्मीद भी नहीं है क्योंकि नया सिस्टम सक्रिय होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मानसून की बेरूखी अब बर्दास्त से बाहर होती जा रही है। पूरा शहर हलकान हो चुका है। बाहर से लेकर भीतर तक कहीं भी उमस से राहत नहीं मिल रही है। सूरज की तपन के कारण सुबह से ही गर्मी महसूस होने लगती है। दिन तो किसी तरह कट रहे हैं लेकिन न्यूनतम पारा बढ़ने से रात में बेचैनी ज्यादा बढ़ गई है। इस वजह से लोग देर रात घरों से बाहर घूमते रहते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम तो तैयार हो रहा है लेकिन उसके सक्रिय होने और यहां तक असर दिखाने में अभी समय लग सकता है। फिलहाल अगले 24 घंटे के दौरान जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है क्योंकि स्थानीय बादल सक्रिय हो रहें हैं। शाम तक हल्की बारिश की उम्मीद की जा रही है। विदित हो कि पिछले तीन चार दिन से शहर में बारिश नहीं हुई है इस वजह ही मौसम में नमी की मात्रा लगातार घटती जा रही है, जिससे उमस बढ़ गई है।

# नॉन इंटर लॉकिंग के चलते रीवा केवड़िया एक्सप्रेस रद्द

**कटनी।** मध्य रेल के भुसावल मंडल के जलगांव यार्ड रीमॉडलिंग एवं जलगांव-भादली स्टेशन के मध्य तीसरी लाइन पर नॉन इंटर लॉकिंग कार्य के चलते आगामी 16 जुलाई और 17 जुलाई को इस मार्ग पर चलने वाली गाड़ियों को निरस्त किया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल से प्रस्थान, टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 09105/09106 केवडिया-रीवा-केवडिया स्पेशल ट्रेन को निरस्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 09105 केवडिया-रीवा एक्सप्रेस स्पेशल 16 जुलाई और वापसी में गाड़ी संख्या 09106 रीवा-केवडिया एक्सप्रेस स्पेशल 17 जुलाई को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।


यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए
फोन करें- 230033



महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी
College Code 740(8) F/A200153
मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)
B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा)
छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि:शुल्क प्रवेश
संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480


# स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में महिला यात्री को डिलेवरी

## आरपीएफ ने उपलब्ध कराई चिकित्सीय सुविधा, जच्चा-बच्चा को सुरक्षित अस्पताल भेजा

**कटनी।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस से मंडुआडीह के बीच कटनी जंक्शन होकर चलने वाली स्पेशल ट्रेन में सफर के दौरान प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को रेलवे ने कटनी स्टेशन में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराकर सुरक्षित डिलेवरी कराई है। बताया जाता है कि गाड़ी संख्या 02167 एलटीटी-मंडुहाडीह स्पेशल ट्रेन में कल्याण से प्रयागराज छिवकी की यात्रा कर रहे लक्ष्मण मरावी की पत्नी को कटनी स्टेशन के नजदीक प्रसव पीड़ा होने लगी। उसने तत्काल सहायता के लिये आरपीएफ चेक पोस्ट कटनी स्टेशन में बताया कि मेरी गर्भवती पत्नी को पेट में असहनीय दर्द हो रहा है। ड्यूटी पर उपस्थित आरपीएफ स्टॉफ सहायक उपनिरीक्षक अशोक कुमार गौतम अपने साथ प्रधान आरक्षक शिवराम शर्मा एवं आरक्षक सत्येंद्र कुमार को लेकर गाड़ी के कोच में पहुंचे। महिला यात्रियों की मदद से गर्भवती महिला यात्री को कोच से उतारकर बाहर लाया गया तथा तत्काल 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। प्रधान आरक्षक शिवराम शर्मा को एंबुलेंस के साथ जिला अस्पताल कटनी के लिए भेजा जा रहा था कि इसी दौरान गर्भवती महिला यात्री का कटनी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में ही डिलेवरी हो गई। उस समय उपस्थित डॉक्टर उमा पटेल द्वारा डिलेवरी कराई गई। उक्त डिलेवरी के दौरान मौके पर महिला उपनिरीक्षक सुरभि ठाकुर भी उपस्थित रही। उसके बाद उपनिरीक्षक आरपीएफ द्वारा डॉक्टर उमा पटेल से महिला व बच्चा की स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा डॉक्टर द्वारा दोनों को स्वस्थ बताया गया। जिसके पश्चात महिला को प्राथमिक उपचार देकर महिला व नवजात बच्ची को जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया।



# सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार, उमरिया में रीठी पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** रीठी पुलिस ने ग्राम उमरिया में दबिश देकर दो युवकों को सट्टा पट्टी काटते पकड़ा है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी के मुताबिक ग्राम उमरिया में 47 वर्षीय बलराम पटेल पिता रामदास पटेल व 35 वर्षीय रतनलाल साहू पिता रामकुमार साहू को सट्टा पट्टी काटते गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से क्रमशः 180 व 200 रूपए सहित सट्टा पट्टी बरामद करते हुए 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।







पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



PRE. REGISTRATION साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)